# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## बी 4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ:-3/2019-20/एलवीएस/शै./पीएच.डी/ 2919 दिनांक 05.10.2024 07

**कार्यालय सूचना**

शैक्षणिक नियम परिचायिका में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम हेतु प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में सभी विभागों में पंजीकृत शोध छात्रों को सूचित किया गया था कि उनके द्वारा सभी नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य है। प्राय: यह पाया गया है कि अधिकतर शोध छात्रों द्वारा सम्बन्धित नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण सम्बन्धित छात्रों की निजी पंजिकाओं को तैयार करने तथा उनका विवरण तैयार करने में शैक्षणिक विभाग को असुविधा होती है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में सभी विभागों में पंजीकृत शोध छात्रों को पुन: सूचित किया जाता है कि वे शैक्षणिक नियम-परिचायिका में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम को पूर्ण करने हेतु निर्धारित सभी नियमों को अनिवार्य रूप से पालन करने का कष्ट करें। नियमों का अनुपालन न करने की स्थिति में सम्बन्धित विभाग की अनुशंसा के आधार पर शोध छात्र का पंजीकरण निरस्त भी किया जा सकता है, जिसके लिये सम्बन्धित शोध छात्र उत्तरदायी होगा।

शोध छात्रों को सत्रीय पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययन के साथ 75 प्रतिशत उपस्थिति प्रतिमहा अनिवायर्य है। निर्धारित प्रोफार्मा में त्रैमासिक प्रगति विवरण भी शोध निर्देशक, विभागाध्यक्ष एवं पीठ प्रमुख के हस्ताक्षर सहित प्रसतुत करना होगा। प्रगति विवरण प्राप्त न होने की स्थिति में फैलोशिप भुगतान पर विचार नहीं किया जायेगा।

विद्यावारिधि उपाधि हेतु नियमों/प्रावधानों की अधिक जानकारी विश्वविद्यालय बेवाईट पर शैक्षणिक नियम परिचायिका पर देखी जा सकती है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत।**

01. समस्त पीठम् प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि वे विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को अवगत कराने का कष्ट करें।
02. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा कुलानुशासक
03. पीठ प्रमुख शैक्षणिक।
04. विभागाध्यक्ष, शोध विभाग
05. कुलपति के निजी सचिव
06. सिस्टम एडमिस्ट्रेटर, संगणक विभाग इस सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अंकित करने का कष्ट करें।
07. समस्त सूचन पटट्
07. कार्यालय आदेश पत्रावली

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

07/10/24 07/10/2024 received on 16/10/2024.